

# राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

**बिहार लोक भवन, पटना–800022**

## प्रेस–विज्ञप्ति

*संख्या–12/2026*

### बिहार लोक भवन में गणतंत्र दिवस के अवसर पर स्वागत समारोह एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गये

**पटना 26 जनवरी, 2026 :–** गणतंत्र दिवस–2026 के अवसर पर बिहार लोक भवन में स्वागत समारोह (At Home) कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें माननीय राज्यपाल श्री आरिफ मोहम्मद खां, माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार, लेडी गवर्नर श्रीमती रेशमा आरिफ, माननीय उप मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी एवं श्री विजय कुमार सिन्हा, बिहार विधान परिषद् के माननीय सभापति श्री अवधेश नारायण सिंह, अन्य मंत्रीगण, जन प्रतिनिधिगण, मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक वरीय सैन्य पदाधिकारीगण, विभिन्न आयोगों/समितियों/ संगठनों के अध्यक्ष एवं सदस्यगण, वरीय प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारीगण, बुद्धिजीवीगण एवं अन्य गणमान्य अतिथिगण शामिल हुए।

इससे पूर्व बिहार लोक भवन परिसर स्थित जर्मन हैंगर में भारतीय नृत्य कला मंदिर, पटना द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये गये।

..........................................